राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 11 मार्च। भाजपा की केन्द्र सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति के विरोध में दिनांक 13 मार्च, 2023 को प्रात: 8:30 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा चलो राजभवन मार्च आयोजित होगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाली सभा में राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, राज्य सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, निगम/बोर्ड के अध्यक्षगण व उपाध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन भाग लेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि केन्द्र सरकार की अडानी समूह के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति जिसके तहत् देश में गहरे आर्थिक संकट के समय देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेचे जाने तथा एसबीआई एवं एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को अडानी समूह में निवेश करने हेतु बाध्य कर देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों की बचत को खतरे में डालने का कार्य किया जा रहा है जिसके विरूद्ध राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 13 मार्च, 2023 को प्रात: 8:30 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में चलो राजभवन मार्च निकाला जायेगा। इस अवसर पर सभी कांग्रेसजन सिविल लाईन्स फाटक, जयपुर पर एकत्रित होंगे, जहाँ एक बड़ी सभा का भी आयोजन होगा।

चतुर्वेदी ने बताया कि दिनांक 13 मार्च, 2023 को दोपहर 3 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा तथा राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इंदिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, जिलाध्यक्षगण, निगम/बोर्ड के अध्यक्षगण व उपाध्यक्षगण, ब्लॉक अध्यक्षगण तथा अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण की बैठक लेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter